क्लास में छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति खफा

संस्थान का औचक निरीक्षण करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

■ कुलपति ने किया माया इंजीनियरिंग व गुरुनानक फार्मेसी कालेज का औचक निरीक्षण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को माया इंस्टीटयूट आफ टैक्नोलाजी एवं गुरुनानक कालेज आफ फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों की कम उपस्थिति समेत कई तरह की खामियां मिलने पर कुलपति ने नाराजगी जताई।

मंगलवार को कुलपति प्रों ओंकार सिंह व परीक्षा नियंत्रक डा.वीके पटेल ने सेलाकुई में स्थित माया इंस्टीटयूट पहुंचे। निरीक्षण के दौरान संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था में खामियां मिलने पर कुलपति ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी निदेशक को छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल फैकल्टी की व्यवस्था करने समेत सभी कर्मियों को दूर करने की हिदायत दी। कुलपति ने कहा कि एआईसीटीई व विवि के मानकों के अनुरूप भूमि, भवन, पुस्तकालय समेत अन्य संसाधन उपलब्ध होना चाहिए। साथ ही भविष्य में शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। विदित हो कि कुलपति को मेल के जरिये बीटेक इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अध्यापन के लिए शिक्षक उपलब्ध न होने समेत अनेक शिकायतें मिली थी। इसके बाद कुलपति ने झाझरा स्थित गुरुनानक कालेज ऑफ फार्मेसी का निरीक्षण भी किया गया।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सम्बद्ध संस्थानों को चेतावनी के साथ स्पष्ट शब्दों में कहा कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को किसी भी दशा में आगामी विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संस्थान शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे उचित प्रयासों का पालन करें ताकि विवि में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।